प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 11.11.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. कड़ी सुरक्षा के बीच घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया जारी, मतदाताओं में दिख रहा है खासा उत्साह।
2. राज्य का रजत जयंती महोत्सव पर सभी जिलों में आयोजित हुआ रन फॉर झारखंड, मुख्यमंत्री हेमंत सोरन ने कहा– राज्य का 25वां वर्ष गौरव, संकल्प और विकास का प्रतीक।
3. एमएसएमई मंत्रालय और पूर्व मध्य रेलवे की ओर से धनबाद में वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम सह औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन, सार्वजनिक क्रय नीति के बारे में जानकारी देना प्रमुख मकसद।
4. राज्य में पश्चिमी विक्षोभ का असर, 16 नवंबर तक राज्य के अधिकतर जिलों में सुबह के समय कोहरा या धुंध छाये रहने के आसार।
5. अंतर्राष्ट्रीय महिला कबड्डी वर्ल्ड कप के लिए हजारीबाग की राखी का तकनीकी पदाधिकारी के रुप में चयन, प्रो कबड्डी लीग की संभाल चुकी हैं कमान।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतदान जारी है। दिन के ग्यारह बजे तक 34 दशमलव तीन दो प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। विभिन्न बूथों पर मतदाताओं की लंबी कतार लगी हुई है। अपने मताधिकार को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

अब हम सीधे चलते हैं घाटशिला, जहां हमारे संवाददाता मौजूद हैं। कुणाल मतदान को लेकर कैसा उत्साह दिख रहा है।

****

झारखण्ड अपनी स्थापना का रजत जयंती वर्ष मना रहा है। इसको लेकर राज्य भर में आज रन फॉर झारखंड का आयोजन किया गया। रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हरी झंडी दिखाकर रन फॉर झारखंड के साथ–साथ झारखंड रजत जयंती कार्यक्रमों और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती कार्यक्रमों की श्रृंखला की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड का यह 25वां वर्ष गौरव, संकल्प और विकास का प्रतीक है।

****

राज्य के अन्य जिलों में भी रन फॉर झारखंड का आयोजन किया गया। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने गुब्बारा उड़कर और हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इधर, सरायकेला–खरसावां जिले में राज्य स्थापना पर पांच दिवसीय समारोह की शुरुआत भी रन फॉर झारखंड से हुई। उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक मुकेश लुणायत ने दौड़ का शुभारंभ किया। जामताड़ा जिले में भी रन फॉर झारखंड कार्यक्रम के तहत दुमका रोड रानी सती मंदिर से गांधी मैदान तक दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिले के उपायुक्त रवि आनंद, पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता सहित जिले के तमाम अधिकारियों एवं स्कूली छात्र– छात्राओं ने भाग लिया। धनबाद में भी राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर विशेष दौड़ का आयोजन किया गया। उपायुक्त आदित्य रंजन के नेतृत्व में गोल्फ ग्राउंड से दौड़ शुरु हुई।

****

राज्य स्थापना दिवस पर सिमडेगा जिले में भी कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

****

पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा और सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग में पीबीयूएनएल प्लांट का निरीक्षण किया। प्लांट के सीईओ अशोक कुमार सहगल ने दोनों का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने प्लांट की कार्य क्षमता और भविष्य में होने वाली कार्य वृद्धि के बारे में दोनों को अवगत कराया।

****

दिल्ली में कल शाम हुए बम ब्लास्ट की घटना से पूरा देश मर्माहत और चिंतित है। रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि पड़ोस के दुश्मन के साथ – साथ अपने देश के भीतर छुपे गद्दारों से भी सख़्ती से निबटने की आवश्यकता है।

****

भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय की धनबाद शाखा और पूर्व मध्य रेलवे की ओर से दो दिवसीय वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम सह औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। धनबाद के रेलवे ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में एमएसएमई विकास कार्यालय, रांची के संयुक्त निदेशक और कार्यालय प्रमुख इंद्रजीत यादव ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एमएसएमई इकाईयों के लिए लागू की गई सार्वजनिक क्रय नीति–2012 के बारे में वृहद रुप से जानकारी देना है।

****

समग्र देश राष्ट्र–गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस गीत ने भारतीयों की कई पीढ़ियों को एकजुट रहने और राष्ट्रीय भावना पर गर्व करने के लिए प्रेरित किया।

****

घरेलू शेयर बाजार सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी, आज दोपहर शून्य दशमलव तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 250 अंक गिरकर 83 हजार 285 पर और निफ्टी 77 अंक गिरकर 25 हजार 497 पर कारोबार कर रहे थे।

****

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 15 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 62 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

झारखंड में पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम का मिजाज बदलने लगा है। रांची मौसम केंद्र के अनुसार 16 नवंबर तक राज्य के अधिकतर जिलों में सुबह के समय कोहरा या धुंध छाई रहेगी, जबकि दिन में आसमान पूरी तरह साफ रहेगा।

****

हजारीबाग की रहने वाली राखी कुमारी का चयन अंतर्राष्ट्रीय महिला कबड्डी वर्ल्ड कप के लिए तकनीकी पदाधिकारी के रूप में हुआ है। जिले के हुरहुरु निवासी अशोक पासवान की पुत्री राखी कुमारी राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी खिलाड़ी रह चुकी हैं और पिछले तीन सीज़न से प्रो कबड्डी लीग तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में तकनीकी पदाधिकारी के रूप में योगदान दे रही हैं।

****